सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 204 | इंदौर, शनिवार 07 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**जयतु भारतम्**




**तिरंगे को एक बार फिर से गौरवान्वित करते हुए #U19WorldCup में विजयश्री प्राप्त करने पर पूरे भारतवर्ष को बधाई।**

## रेलिंग तोड़कर कार नहर में गिरी 3 लोगों की मौत

● इटारसी में गाड़ी में फंसे युवक दरवाजा पीटते रहे देखते ही देखते डूब गए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इटारसी, एजेंसी**। इटारसी के पथरोटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 12 बजे पथरोटा नहर के पुल से टकराकर कार रेलिंग तोड़ते हुए सीधे नहर में जा गिरी। कार में सवार तीन युवकों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और तत्काल बचाव अभियान शुरू किया गया। ढाई घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीनों शव निकाल लिए गए। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। हादसे में मरने वाला एक युवक रैसलपुर और एक केसला का बताया जा रहा है। तीसरे की पहचान नहीं हो पाई है। नर्मदापुरम से पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने फौरन सर्चिंग शुरू कर दी थी। नहर की गहराई और तेज बहाव की वजह से कार और उसमें सवार लोगों को खोजने में काफी दिक्कत हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार के पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नहर में गिरने से पहले एक तेज आवाज आई थी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण और राहगीर जमा हो गए।

# कृषि और डेयरी सेक्टर में कोई समझौता नहीं

## भारत-अमेरिका ने जारी किया ट्रेड डील का फ्रेमवर्क

**नई दिल्ली, (एजेंसी) अमेरिका और भारत ने शुक्रवार को एक अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी किया. इससे दोनों देशों के बीच व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में नई गति मिली है. यह घोषणा विस्तारित बातचीत और हाल के टैरिफ तनाव के बीच आई है, जिससे दोनों पक्षों के बीच आर्थिक रिश्तों में नई गति देखने को मिल रही है.**

दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान में कहा, 'संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत इस फ्रेमवर्क को शीघ्र लागू करेंगे और अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में काम करेंगे, ताकि एक पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) को जल्द से जल्द पूरा किया जा सके.' दोनों देशों ने इसे अपनी साझेदारी में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया.

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते का फ्रेमवर्क जारी करते हुए 'X' पोस्ट में लिखा, 'प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक मजबूत फ्रेमवर्क तैयार किया है. इससे भारतीय निर्यातकों- विशेषकर एमएसएमई, किसान और मछुआरों के लिए 30 ट्रिलियन डॉलर के विशाल बाजार के द्वार खुलेंगे. निर्यात में बढ़ोतरी से महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे.'



उन्होंने आगे कहा, 'इस फ्रेमवर्क के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर रेसिप्रोकल टैरिफ घटाकर 18% करेगा, जिससे दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में वस्त्र व परिधान, चमड़ा व फुटवियर, प्लास्टिक व रबर उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल्स, होम डेकोर, हस्तशिल्प और चुनिंदा मशीनरी जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़े भारतीय उत्पादों को बड़े बाजार तक पहुंच मिलेगी. इसके अतिरिक्त, जेनेरिक फार्मास्यूटिकल्स, रत्न एवं आभूषण (जेम्स एंड डायमंड्स) और विमान पुर्जों सहित कई वस्तुओं पर टैरिफ शून्य किए जाएंगे, जिससे भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धा और मेक इन इंडिया को और मजबूती मिलेगी.'

### भारतीय किसानों के हितों की हुई पूरी सुरक्षा

पीयूष गोयल ने कहा, 'यह समझौता किसानों के हितों की सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका को बनाए रखने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. मक्का, गेहूं, चावल, सोया, पोल्ट्री, दूध, पनीर, एथेनॉल (ईंधन), तंबाकू, कुछ सब्जियां और मांस जैसे संवेदनशील कृषि व डेयरी उत्पादों को पूरी तरह संरक्षित रखा गया है. यह समझौता भारत और अमेरिका को अपने आर्थिक सहयोग को और गहराई देने के साझा संकल्प के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा, जो हमारे नागरिकों और व्यवसायों के लिए सतत विकास को प्रतिबिंबित करता है.'

# सीहोर में आज राष्ट्रीय पल्सेज कॉन्फ्रेंस

## देशभर के कृषि मंत्री शामिल होंगे, सीएम मोहन यादव भी लेंगे भाग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। देश को दालों के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम आज मध्यप्रदेश के सीहोर जिले में उठाया जा रहा है। दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्रियों की राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन शनिवार सुबह 11 बजे सीहोर के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र (FLRP) में किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में दलहन आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय मिशन पर उच्चस्तरीय मंथन होगा। कार्यक्रम में



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

सम्मेलन में ओडिशा, पंजाब, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, गुजरात, उत्तरप्रदेश और हरियाणा सहित कई दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री भाग लेंगे। एक ही मंच पर किसान, FPO, बीज उत्पादक, वैज्ञानिक और उद्योग जगत के प्रतिनिधि जुटेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सम्मेलन के दौरान खेतों का भ्रमण करेंगे और किसानों से सीधा संवाद भी करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मिलकर वे FLRP की अत्याधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे।

सम्मेलन में "दालों में आत्मनिर्भर भारत, समृद्ध किसान और पोषित राष्ट्र" विषय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर पल्सेस मिशन पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा और किसानों को उन्नत किस्मों के बीजों का वितरण भी किया जाएगा। यह सम्मेलन न केवल दाल उत्पादन बढ़ाने की रणनीति तय करेगा, बल्कि किसानों की आय बढ़ाने और देश की पोषण सुरक्षा को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

# दाल उद्योग और कृषि प्रोसेसिंग को मिलेगा नया विस्तार

## निजी क्षेत्र में अनाज मंडी व फूड पार्क स्थापित करने वाले निवेशकों को दी जाएगी पूरी मदद- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और दाल उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने का संकल्प लिया गया है। प्रदेश सरकार किसान, उद्योग और व्यापार तीनों को साथ लेकर विकास का नया मॉडल तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित किए जाए इसके लिए राज्य शासन द्वारा पूरी मदद दी जाएगी। निजी क्षेत्र में अनाज मंडी और फूड पार्क स्थापित करने के लिए उन्होंने निवेशकों का आह्वान भी किया।**




मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज यहाँ ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय ग्रीन एक्स प्रदर्शनी के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला तथा श्री गोलू शुक्ला, पूर्व महापौर श्री कृष्णमुरारी मोघे, श्री सुमित मिश्रा, श्री गौरव रणदीवे, ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल, सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल भी मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि मुगल काल में जब देश के देवस्थानों पर आक्रमण हो रहे थे, तब लोकमाता अहिल्याबाई ने संकल्प शक्ति से देशभर में मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दाल भारतीय भोजन का अभिन्न हिस्सा है और शाकाहारी समाज के लिए यह प्रोटीन का सबसे बड़ा स्रोत है। उन्होंने कहा कि दुनिया में दाल उत्पादन और उपभोग दोनों में भारत अग्रणी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता किसान इन चार वर्गों को सशक्त करने के लक्ष्य पर कार्य किया जा रहा है। इसी दिशा में मध्यप्रदेश सरकार ने किसानों और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए 5 साल का रोडमैप तैयार किया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का फूड बास्केट बन चुका है। खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। गेहूं, चना, मसूर, सोयाबीन और तिलहन उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने तुअर पर टैक्स हटाया है तथा उड़द और मसूर उत्पादन बढ़ाने के लिए योजना बनाई जा रही है। प्रोसेसिंग उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए आधुनिक मशीनरी और उद्योग स्थापना में हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब निजी क्षेत्र को भी कृषि व्यापार और प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में आगे आने का अवसर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि उद्योगपति निजी स्तर पर अनाज मंडी या फूड पार्क स्थापित करना चाहते हैं, तो सरकार उन्हें वही सभी सुविधाएं देगी जो सरकारी फूड पार्क में दी जाती हैं। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि वे अपनी क्षमता और संसाधनों के आधार पर प्रदेश में निजी फूड पार्क, प्रोसेसिंग यूनिट और अनाज मंडी स्थापित करें, जिससे किसानों को बेहतर बाजार, बेहतर मूल्य और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने बताया कि उद्योग स्थापना के लिए भूमि, बिजली, पानी, टैक्स में रियायत और श्रम आधारित उद्योगों के लिए प्रति श्रमिक 5000 रुपये प्रतिमाह तक सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना, एयर कार्गो और बेहतर रोड-रेल कनेक्टिविटी से कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही जिले-जिले में कृषि आधारित उद्योग और फूड पार्क विकसित किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से अपील की कि वे मध्यप्रदेश में निवेश कर रोजगार सृजन में भागीदारी करें और किसान आय बढ़ाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने का कार्य निरंतर जारी है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण संकल्प लिया गया है कि प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए। आज यह गर्व का विषय है कि मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में ऐतिहासिक निवेश प्रदेश में आया है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और मध्यप्रदेश ने वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान मजबूत की है। हमारा दूसरा संकल्प देश की उस मूल भावना से जुड़ा है कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। इसी सोच के साथ अन्नदाता किसानों, गरीबों, युवाओं और समाज के सबसे पीछे खड़े अंतिम व्यक्ति के समग्र विकास का लक्ष्य रखा गया है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के इसी संकल्प को मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने यह वर्ष किसानों को समर्पित किया है, क्योंकि प्रदेश का विकास तभी संभव है जब किसान मजबूत और समृद्ध होगा। इंदौर, जो मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी है, उसने उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विशेष रूप से दाल मिल उद्योग में इंदौर ने पूरे देश में नेतृत्व किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन की तीन दिवसीय प्रदर्शनी ग्रीन एक्स का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। प्रदर्शनी में दाल मिलिंग, मसाला मशीनरी, फ्लोर मिल, राइस मिल सहित अन्य अत्याधुनिक तकनीकी उपकरण प्रदर्शित किए गए हैं। इस प्रदर्शनी में कनाडा, तुर्की, ताइवान, स्पेन, ब्रिटेन, चीन, इंग्लैंड सहित भारत के विभिन्न शहरों से आई आधुनिक मशीनों का भी प्रदर्शन किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम के पहले स्वामीनारायण मंदिर पहुँचकर दर्शन किए और पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम में ऑल इंडिया दाल मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री सुरेश अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्योगपति, व्यापारी, दाल मिल संचालक एवं उद्योग जगत से जुड़े अन्य लोग उपस्थित थे।

### नि:शुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप

# 8-13 फरवरी तक अमेरिकी एक्सपर्टस करेंगे ऑपरेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **जिला प्रशासन और महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से स्वर्णिम फाउंडेशन इंदौर द्वारा Faces of Tomorrow America तथा ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के सहयोग से निःशुल्क प्लास्टिक सर्जरी कैंप का आयोजन किया जा रहा है।**

कैंप के तहत मरीजों की जांच और रजिस्ट्रेशन 8 फरवरी को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक धार रोड स्थित गुरुनानक टिम्बर मार्केट के पास वर्मा यूनियन हॉस्पिटल, इंदौर में किया जाएगा। कैंप में अमेरिका के सुप्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. ब्रायन रुबिनस्टिन, कटे होंठ एवं तालू विशेषज्ञ डॉ. राहुल छाजलानी सहित अन्य अनुभवी चिकित्सकों द्वारा चयनित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन 8 से 13 फरवरी तक किए जाएंगे। कैंप में कटे-फटे होंठ एवं तालू, नाक, कान, चेहरे और जबड़े की जन्मजात विकृतियों, क्लेफ्ट के कारण नाक की विकृति तथा तालू के ऑपरेशन के बाद स्पष्ट बोली न होने जैसी समस्याओं का उपचार किया जाएगा। कैंप में जले हुए घावों एवं सफेद दाग (विटिलिगो) से संबंधित उपचार नहीं किए जाएंगे। स्वर्णिम फाउंडेशन की संस्थापक रेखा जैन (वीरेन्द्र कुमार जैन) ने बताया कि यह कैंप पूर्णतः मानव सेवा के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन के लिए मरीज अपना नाम, पिता का नाम, उम्र, पता, मोबाइल नंबर एवं फोटो मोबाइल 9329442524 पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी भेज सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वर्मा यूनियन हॉस्पिटल के मोबाइल नंबर 0731-2380609 पर संपर्क किया जा सकता है।

## इंडिगो की नासिक और उदयपुर फ्लाइट्स बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हवाई सफर पर एक बार फिर कैंची चली है। मार्च के अंत से लागू होने वाले समर शेड्यूल में इंडिगो एयरलाइंस ने इंदौर से नासिक और उदयपुर की उड़ानों को पूरी तरह बंद करने का फैसला किया है। कंपनी ने न केवल अपना प्रस्ताव वापस लिया है, बल्कि अपनी वेबसाइट से बुकिंग भी हटा दी है। इससे अब राजस्थान की सैर और महाराष्ट्र के ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए इंदौरियों को लंबा रास्ता तय करना होगा। डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविऐशन (DGCA) द्वारा जारी 29 मार्च से लागू होने वाले प्रस्तावित समर शेड्यूल में इंदौर से इन दो शहरों का जिक्र नहीं है। इंडिगो ने 27 मार्च के बाद उदयपुर और 28 मार्च के बाद नासिक के लिए बुकिंग लेना बंद कर दिया है। इंडिगो पहले ही इंदौर-शिर्डी सीधी फ्लाइट बंद कर चुका है। ऐसे में श्रद्धालु नासिक उतरकर सड़क मार्ग से शिर्डी पहुंचते थे। अब नासिक फ्लाइट बंद होने से श्रद्धालुओं के पास सीधा विकल्प खत्म हो जाएगा। उदयपुर, राजस्थान का प्रमुख पर्यटन केंद्र है। सीधी उड़ान बंद होने से पर्यटकों को अब सड़क या ट्रेन के लंबे सफर पर निर्भर रहना होगा।

# निशा देवलिया पार्षद बनी रहेंगी दो साल पुराना चुनावी विवाद खत्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **नगर निगम के वार्ड 44 की भाजपा पार्षद निशा देवलिया को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत मिल गई है। इसके साथ ही उनके निर्वाचन को लेकर पिछले दो साल से चल रहा विवाद अब पूरी तरह खत्म हो गया है।**



इससे पहले हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया था, जिसमें देवलिया का निर्वाचन शून्य घोषित कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजेता ठहराया गया था। इसी फैसले के खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था, जहां से भी पार्षद को राहत मिल गई। दरअसल, नगर निगम चुनाव 2022 में वार्ड 44 से भाजपा प्रत्याशी निशा देवलिया ने 1084 मतों से जीत दर्ज की थी। इसके बाद कांग्रेस की रनर-अप प्रत्याशी नंदिनी मिश्रा ने चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए जिला कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि देवलिया ने नामांकन के दौरान दिए गए शपथ-पत्र में संपत्ति से जुड़ी जानकारी छुपाई और संपत्ति कर में विसंगतियां कीं। जिला कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार करते हुए उनका निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया था और कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी मान लिया था। इस आदेश के खिलाफ देवलिया ने हाईकोर्ट में अपील की। जस्टिस आलोक अवस्थी की एकलपीठ ने दोनों पक्षों के तर्क और दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद जिला अदालत के फैसले को असंगत ठहराते हुए रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर निर्वाचन शून्य घोषित करने और दूसरे प्रत्याशी को विजेता ठहराने का आधार टिकाऊ नहीं है। हाईकोर्ट के फैसले के बाद नंदिनी मिश्रा सुप्रीम कोर्ट पहुंची। जहां से भी पार्षद निशा देवलिया को राहत मिल गई। इसके साथ ही वार्ड 44 के चुनाव को लेकर चल रहा विवाद पूरी तरह समाप्त हो गया।

### यह था मामला

1. मामला छोटी खजरानी क्षेत्र स्थित करीब 1600 वर्गफीट के भवन से जुड़ा था।
2. आरोप था कि भवन व्यावसायिक उपयोग का है, लेकिन शपथ-पत्र में इसे आवासीय बताया गया।
3. रजिस्ट्री में 1142 वर्गफीट के चद्दर वाले मकान का उल्लेख था।
4. नगर निगम को मात्र 200 वर्गफीट आवासीय मकान का टैक्स जमा कराया जा रहा था।
5. इन्हीं बिंदुओं के आधार पर कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव को चुनौती दी थी।

# रैपिडो बाइक टैक्सी को यातायात नियमों का पालन करना जरूरी

## बिना उचित अनुमति के रैपिडो बाइक टैक्सी संचालन की अनुमति नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आरटीओ द्वारा 12 रैपिडो बाइक टैक्सी जब्त किए जाने की कार्रवाई के बाद शुक्रवार को बड़ी संख्या में रैपिडो चालक क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय पहुंचे। चालकों ने बताया कि वे रैपिडो के जरिए अपना घर-परिवार चला रहे हैं और इससे शहर के छात्रों व दैनिक यात्रियों को भी काफी सुविधा मिलती है। इसी वजह से कार्रवाई के बाद उनमें चिंता का माहौल बना हुआ है।**

चालकों ने आरटीओ अधिकारियों से मुलाकात कर कहा कि वे सभी नियमों का पालन करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कंपनी ने उन्हें कभी यह स्पष्ट नहीं बताया कि बाइक टैक्सी चलाने के लिए व्यावसायिक नंबर प्लेट और ट्रेड लाइसेंस जरूरी होता है। कंपनी उनसे केवल ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक के कागज और आधार कार्ड लेती है। मामले पर एआरटीओ अर्चना मिश्रा ने स्पष्ट किया कि आरटीओ किसी की रोज़ी-रोटी छीनना नहीं चाहता, लेकिन नियमों का पालन अनिवार्य है। बिना उचित अनुमति के हम संचालन की अनुमति नहीं दे सकते है। एआरटीओ ने बताया कि इस मामले में रेपिडो के मुख्यालय को नोटिस भेजा जा रहा है। उन्हें निर्देश दिए जाएंगे कि वह सभी नियमों के तहत ही संचालन करे। यदि नियमों का पालन नहीं हुआ, तो शहर में बाइक टैक्सी सेवा को बंद कराया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस संबंध में ट्रैफिक डीसीपी को भी पत्र भेजा जा रहा है, ताकि बिना नियमों के चल रही बाइक टैक्सी सेवाओं पर कार्रवाई की जा सके। एआरटीओ राजेश गुप्ता ने सभी चालकों को इस संबध में नियमों की जानकारी दी।

### यह है नियम

**इंदौर में रैपिडो (बाइक टैक्सी) चलाने के जरूरी नियम-**

- बाइक का व्यावसायिक पंजीकरण होना जरूरी।
- कंपनी के पास ट्रेड लाइसेंस होना चाहिए।
- चालक के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस।
- वाहन का कमर्शियल बीमा और वैध पीयूसी।
- चालक और सवारी—दोनों के लिए हेलमेट अनिवार्य।
- कंपनी के पास परिवहन विभाग की अनुमति जरूरी।

# नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष जितेंद्र शेरा के नेतृत्व में निकलेगा चिड़ार समाज का भव्य चल समारोह

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। 65 शिव मन्दिर मुसाखेड़ी इंदौर, चिड़ार समाज का शिवरात्रि पर्व एवं पुस्तैनी चल समारोह इस बार लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए नव निर्वाचित चिड़ार समाज के जिला अध्यक्ष जितेंद्र शेरा द्वारा निकाला जाएगा।**

जितेंद्र शेरा ने समाजजन से आग्रह किया है कि सभी स्नेहीजन इस भक्तिमय, मिलनसार एवं गौरांवित करने वाले बाबा नर्मदेश्वर महादेव की चल समारोह में शामिल होकर बाबा भोलेनाथ को मनाए ताकि चिड़ार समाज का ओर चिड़ार समाज के लोगों का कल्याण हो सके। जितेंद्र शेरा ने आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत करते हुए बताया कि दिनांक 15 फरवरी 2026 (रविवार) को अभिषेक पूजन प्रातः 7 बजे रखा गया है बाबा नर्मदेश्वर महादेव की यात्रा एवं चल समारोह 11 बजे , एवं संगीतमय सुंदरकांड रात्रि 8 बजे रखा गया है और दिनांक 16 फरवरी 2026 सोमवार को समाजजनों का मिलन समारोह एवं भंडारा महाप्रसादी सुबह 11 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। चिड़ार समाज के इन्दौर जिला सचिव नितिन चंदेल ने सभी समाज जानो को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का निवेदन किया है और कहा ये हमारा नहीं अपितु सम्पूर्ण चिड़ार समाज का कार्यक्रम है। युवा साथियों से नितिन चंदेल ने आग्रह किया कि युवा साथी भी समाज के कल्याण में अपना नाम आगे लाए क्योंकि युवाओ के द्वारा ही समाज का उद्धार होगा। अपने वरिष्ठ समाज सेवियों का सम्मान करते हुए नितिन चंदेल ने सभी जो पूर्व में कार्यरत थे जिन्होंने समाज का नाम रोशन किया है उन सभी वरिष्ठ समाज सेवियों से भी निवेदन किया है कि आपके मार्गदर्शन में यह शोभा यात्रा सफल होगी आप सभी सम्माननीय समाज बंधु सादर आमंत्रित है।

## एमएसएमई उद्यमियों के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा देशभर में 'राष्ट्रीय मेगा एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम' आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य उद्यमियों, इंजीनियरों को आसान एवं कम ब्याज दर में किफायती ऋण उपलब्ध कराना है। कैंप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सभी योजनाओं की विस्तृत रूप से जानकारी दी जायेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख आर के सिंह द्वारा की जाएगी एवं आंचलिक कार्यालय के गणमान्य अधिकारी एवं शाखा प्रबंधकों की भी उपस्थित होगी। इस कैंप का आयोजन Advanced Technical and Industrial Training Centre (ATITC) ए बी रोड, महू में किया गया है।

# फर्नीचर कारीगर ने खाया जहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमजी रोड पुलिस को सूचना मिली कि राजू (42) पुत्र महादेव ने जहर खा लिया है। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रात में उनकी मौत हो गई। रिश्तेदारों ने बताया कि राजू घर पर ही थे। उनकी पत्नी स्कूल में काम करती हैं और छुट्टी के बाद घर लौटकर उन्हें बेसुध पाया। बाद में पड़ोसियों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। राजू फर्नीचर बनाने का काम करते थे। उनके परिवार में पत्नी दीपाली और 8 साल की बेटी है। माता-पिता और अन्य भाई अलग रहते हैं। पुलिस ने बताया कि अभी पत्नी का बयान नहीं लिया गया है और मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिवार ने बताया कि राजू को कर्ज की वजह से तनाव नहीं था, लेकिन दो दिन पहले उनका मोबाइल खो जाने से वे परेशान थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रशासनिक न्यायाधिपति ने की सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला द्वारा सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों, प्राप्त उपलब्धियों तथा भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशासनिक न्यायाधिपति ने सामुदायिक स्तर पर विवादों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित समाधान में सामुदायिक मध्यस्थता की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता से न केवल न्यायालयों पर भार कम होता है, बल्कि समाज में आपसी समझ, सहयोग एवं शांति भी सुदृढ़ होती है। बैठक में न्यायाधिपति ने जनसामान्य में मध्यस्थता के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाने पर विशेष बल दिया। इस अवसर प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं पोटेंशियल ट्रेनर डॉ. मोहम्मद शमीम, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नीरज मालवीय, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इंदौर के अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न समुदायों से प्रशिक्षित किए गये सामुदायिक मध्यस्थ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी सामुदायिक मध्यस्थों को मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से उपलब्ध कराई डायरी भी प्रदान की गई।

# नवविवाहिता की आत्महत्या मामले में पति-सास पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर क्षेत्र में नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने जांच के बाद पति और सास को आरोपी बनाया है। मामला कल्प कामधेनू नगर निवासी मोनिका पटेल (20) की मौत से जुड़ा है, जिन्होंने 2 फरवरी को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।**

एसीपी पराग सैनी की जांच में सामने आया कि मोनिका को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था तथा उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया। इसके आधार पर पुलिस ने पति रितेश पटेल और सास राधा पटेल के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। घटना के बाद पति रितेश ने पुलिस को दिए बयान में कहा था कि घटना के समय वह घर के बाहर था और इससे पहले सिलाई के कपड़े लाने की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। मोनिका सिलाई का काम करती थी, जबकि रितेश रेपिडो बाइक चलाता है। मोनिका के पिता हीरालाल चौहान निवासी खजराना ने गंभीर आरोप लगाए थे। उनका कहना है कि करीब 10 महीने पहले मोनिका घर से लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदगी खजराना थाने में दर्ज कराई गई थी। बाद में पता चला कि उसने रितेश से प्रेम विवाह कर लिया है।



एमपी के विद्यार्थियों से परीक्षा पे चर्चा

# पीएम नरेन्द्र मोदी बोले-लेसन प्लान पहले साझा करें, पढ़ाई होगी आसान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में देशभर के विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव, पढ़ाई की चुनौतियों और समय प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया। मध्यप्रदेश के उत्कृष्ट विद्यालय, जबलपुर के छात्र आयुष तिवारी के सवाल पर प्रधानमंत्री ने शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को अहम सुझाव दिए। आयुष ने पूछा कि कई बार वे शिक्षकों की पढ़ाने की गति से तालमेल नहीं बिठा पाते। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि शिक्षकों को विद्यार्थियों की सीखने की गति के अनुरूप पढ़ाना चाहिए और लेसन प्लान पहले से विद्यार्थियों के साथ साझा करना चाहिए, ताकि छात्र पहले ही संबंधित अध्याय का अध्ययन कर सकें। इससे कक्षा में समझ बेहतर होगी।**



### पहले मन को जोतो फिर मन को जोड़ो

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को समझाते हुए कहा कि पहले मन को जोतो, फिर मन को जोड़ो।उन्होंने स्पष्ट किया कि मन को जोतने का अर्थ है विषय से जुड़ी पूरी जानकारी जुटाना और मन को जोड़ने का अर्थ है एकाग्रता बनाए रखना। इससे विद्यार्थी पढ़ाई में एक कदम आगे रहते हैं। प्रधानमंत्री ने आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया।

### 2018 से जारी है परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री मोदी वर्ष 2018 से लगातार परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों से संवाद कर रहे हैं। इस वर्ष कार्यक्रम का नवां संस्करण आयोजित किया गया। देशभर से आए विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया गया और कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न माध्यमों से किया गया।

### समय का सही उपयोग सफलता की पहचान :शिक्षा मंत्री

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री के परीक्षा मंत्र सुने। उन्होंने कहा कि जिसने समय का सही प्रबंधन कर लिया, वह जीवन में कभी असफल नहीं होता। अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही असाधारण उपलब्धियां संभव हैं। मंत्री ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### भोपाल में राज्य स्तरीय आयोजन

भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में परीक्षा पे चर्चा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल, संचालक लोक शिक्षण केके द्विवेदी, नोडल अधिकारी एचएन नेमा, अधिकारी, शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी शामिल हुए। प्रदेश के SCERT, DIETs, शासकीय, अशासकीय और अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। टीवी और इंटरनेट आधारित उपकरणों के माध्यम से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### 9 फरवरी को अगला प्रसारण

परीक्षा पे चर्चा का अगला प्रसारण 9 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी देश के विभिन्न क्षेत्रों के विद्यार्थियों से संवाद करेंगे। प्रदेश के विद्यालयों में इसके सजीव प्रसारण की तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

● हाथ ठेला व्यापारी और निगम गैंग में मारपीट

## उज्जैन में सामान छुड़वाने आए थे व्यापारी, विवाद बढ़ने के बाद हुई मारपीट



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में नगर निगम रिमूवल गैंग प्रभारी और हाथठेला व्यापारियों के बीच हुए विवाद के बाद नौबत मारपीट तक पहुंच गई। इस दौरान गैंग प्रभारी ने एक व्यापारी के साथ मारपीट कर दी। इससे नाराज होकर व्यापारियों ने चक्का जाम करने की कोशिश की। इधर, मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस ने गैंग प्रभारी की शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।**

शुक्रवार सुबह हरसिद्धि मंदिर के पीछे हाथठेला पर व्यापार करने वाले लोग, महिलाओं के साथ अपने जब्त किए गए ठेले छुड़वाने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान नगर निगम के गैंग प्रभारी मोहन थनवार और उनके साथियों ने व्यापारियों को समझाया कि निगम कमिश्नर के आदेश पर ही ठेले छोड़े जाएंगे। तभी दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई और गैंग प्रभारी थनवार ने एक व्यापारी की पिटाई कर दी।

व्यापारी की पिटाई से नाराज होकर महिलाओं और अन्य व्यापारियों का गुस्सा और भड़क गया। इसके बाद दोनों पक्षों में जमकर कहासुनी हुई। घटना का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें विवाद के दौरान कहासुनी के बाद गैंग प्रभारी व्यापारी को पीटते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान आने-जाने वाले लोगों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई थी।

## लिव इन पार्टनर पर कार चढ़ाने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में एक महिला को उसके ही पूर्व लिव-इन पार्टनर द्वारा कार से टक्कर मारने का मामला सामने आया है। युवती का आरोप है कि आरोपी ने उसे रास्ते से हटाने की नीयत से पीछे से टक्कर मारी, जबकि पुलिस ने इस गंभीर मामले में केवल लापरवाही से वाहन चलाने (दुर्घटना) की धाराओं में केस दर्ज किया है।**



पीड़ित के अनुसार, वह आरोपी विक्की पंडा निवासी बदरवास के साथ पिछले चार वर्षों से लिव-इन रिलेशनशिप में थी। आरोपी ने उसे पत्नी बनाकर रखा, लेकिन कुछ समय पहले वह किसी अन्य लडकी के साथ रहने लगा। पिछले आठ महीनों से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। पीड़िता का आरोप है कि विक्की न केवल उसके साथ मारपीट करता था, बल्कि उसके बच्चों को भी प्रताड़ित करता था। घटना वाली शाम आरोपी ने पीड़ित को धोखे से एक पार्क में बुलाया, जहां उसकी नई महिला मित्र और आधा दर्जन अन्य लोग पहले से मौजूद थे। विवाद और मारपीट के बाद जब पीड़िता अपनी जान बचाकर कोतवाली की ओर भाग रही थी। तभी बोहरा मस्जिद के पास आरोपी ने अपनी कार एमपी 20-7652 से उसे पीछे से टक्कर मार दी। राहगीरों ने लहूलुहान हालत में युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसके पैर में चोट आई है।

## 20 वर्षीय युवक की साइलेंट अटैक से मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कुल चौक निवासी 20 वर्षीय पार्श उर्फ केशु जैन की शुक्रवार सुबह साइलेंट अटैक से मौत हो गई। इस घटना से परिवार, स्थानीय व्यापारी वर्ग और जैन समाज में शोक छा गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे केशु जैन को घर पर नाश्ता करते समय अचानक सीने और पेट में तेज दर्द उठा। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत जिला अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन डीसी प्लाजा के समीप ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजनों और आसपास के व्यापारियों ने बताया कि केशु अपनी मां के साथ मोनिका मैचिंग दुकान पर बैठता था और कॉलेज में पढ़ाई भी कर रहा था। वह एक स्वस्थ्य और ऊर्जावान युवक था, इसलिए उसकी अचानक हुई मौत ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। लोग इसे साइलेंट अटैक से हुई मौत बता रहे हैं।

## बैतूल में किसान की करंट लगने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल, एजेंसी।** जिले के आमढाना चुना लोमा गांव में खेत में पानी देने गए एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की खेड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत हुई। मृतक की पहचान 44 वर्षीय चिरौंजी पिता रामलाल मस्कोले के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, किसान चिरौंजी अपने खेत में सिंचाई करने गए थे। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खेत जाकर देखा, जहां वह गेहूं के खेत में मृत अवस्था में पाए गए। बताया जा रहा है कि किसान के खेत में बिजली के पोल से मोटर तक तार ले जाया गया था। बांस के सहारे स्टार्टर तक ले जाई गई इसी बिजली लाइन का तार कटा हुआ था। इसी कटे हुए तार के संपर्क में आने से किसान करंट की चपेट में आ गया।

# संपादकीय

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई दिशा

अमेरिका और भारत के बीच ट्रेड डील पर सहमति बन गई है। इसके तहत अमेरिका भारत पर शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ट्रेड को भारत-अमेरिका के लिए बड़ी खुशखबरी बताते हुए कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच बढ़ते विश्वास, गहराई और मजबूत साझेदारी को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार सुबह एक्स पर पोस्ट कर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत बनाने में व्यक्तिगत रुचि दिखाई है। पीएम मोदी ने कहा, यह ढांचा 'मेक इन इंडिया' अभियान को नई मजबूती देगा और किसानों, उद्यमियों, MSME सेक्टर, स्टार्टअप इनोवेटर्स, मछुआरों सहित कई वर्गों के लिए नए अवसर खोलेगा। इससे महिलाओं और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। पीएम मोदी ने पोस्ट कर कहा कि भारत और अमेरिका इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह समझौता निवेश और तकनीकी साझेदारी को और गहरा करेगा। साथ ही, इससे भरोसेमंद और मजबूत सप्लाई चेन विकसित होगी, जो वैश्विक विकास में योगदान देगी। उन्होंने आगे कहा कि 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए भारत भविष्य-उन्मुख वैश्विक साझेदारियों के लिए प्रतिबद्ध है, जो जनता को सशक्त बनाएंगी और साझा समृद्धि को बढ़ावा देंगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम समझौते की रूपरेखा पर सहमति से भारतीय निर्यातकों, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई), किसानों और मछुआरों के लिए 30,000 अरब डॉलर का बाजार खुलेगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ निर्यात में वृद्धि से महिलाओं और युवाओं के लिए लाखों नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इससे पहले अमेरिका और भारत ने अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति बनने की घोषणा की। इसके तहत अमेरिका भारत पर शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। भारत-अमेरिका ने संयुक्त बयान में यह कहा। बयान के अनुसार यह रूपरेखा 13 फरवरी, 2025 को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए व्यापक अमेरिका-भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता को बताता है। इस रूपरेखा में अतिरिक्त बाजार पहुंच संबंधी प्रतिबद्धताएं शामिल होंगी और यह अधिक मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन प्रदान करेगी। बयान में कहा गया है, 'अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम समझौता हमारे देशों की साझेदारी में मील का पत्थर साबित होगा। यह पारस्परिक हितों और ठोस परिणामों पर आधारित द्विपक्षीय और संतुलित व्यापार के प्रति साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' समझौते की प्रमुख शर्तों में भारत अमेरिका के सभी औद्योगिक सामानों और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पर शुल्क समाप्त करेगा या कम करेगा। इनमें सूखे अनाज, पशु आहार के लिए लाल ज्वार, मेवे, ताजे और प्रसंस्कृत फल, सोयाबीन तेल, शराब और स्पिरिट तथा अन्य उत्पाद शामिल हैं।

मुंशी प्रेमचंद की कहानी

# अंधेर

साठे में नागपंचमी के दिन सभी जवान लड़कों ने अलग-अलग रंगों की कुश्ती के कपड़े सिलवाए। ढोल-नगाड़े बज रहे थे, क्योंकि कुश्ती का मुकाबला होने वाला था। महिलाएं आंगन को गोबर से लीपकर गीत गाती हुई नाग देवता को पूजने के लिए कटोरी में दूध लेकर जा रही थीं।

साठे की तरह ही पाठे दोनों गंगा किनारे बसे हुए गांव थे। दोनों ही गांवों के बीच हमेशा से ही मुकाबले होते रहते थे। साठे के लोगों को गर्व था कि उन्होंने कभी पाठे वालों को सिर उठाने नहीं दिया। ठीक इसी तरह पाठे वालों को इस बात का घमंड था कि उन्होंने कभी साठे वालों को किसी मुकाबले में जीतने नहीं दिया।

पाठे वाले लोग हमेशा ये गाना गाते थे, "साठे वाले हैं कायर, पाठे वाले हैं और हमेशा रहेंगे सरदार।"

वहीं, साठे वाले गाते थे, "हम हैं साठ हाथ वाले, जो रखते साथ तलवार, पाठे वालों को हराने के लिए लिया है हमने अवतार।"

आपस के इस मुकाबले को साठे और पाठे के बच्चे अपने खून में ही लेकर पैदा होते थे। आपसी मुकाबले को दर्शाने का सबसे अच्छा मौका नागपंचमी का ही होता था। इस दिन के लिए दोनों जगहों में सालभर तैयारियां होती थीं। दोनों गांव के जांबाज कुश्ती के लिए आखाड़े पर उतरते थे। साठे वालों को गोपाल पर खूब गर्व था और पाठे वालों को बलदेव की ताकत पर।

आज भी बलदेव और गोपाल मैदान पर उतरे थे। दोनों अपनी-अपनी ताकत दिखा रहे थे। उनमें जीतने का जुनून था। लोग भी उनके दांव-पेंच देख रहे थे। तभी अचानक वहां खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अपनी खुशी का इजहार करने के लिए कुश्ती देखने के लिए खड़े लोग कभी पैसे उछालते, कभी टोपी, तो कभी बर्तन व बताशे उड़ाते। वहां मौजूद लोगों ने गोपाल को गोद में उठा लिया और जश्न मनाने लगे। बलदेव और उसके जीतने की आस रखने वाले लोग मन-ही-मन निराश हो गए।

रात के दस बजे का समय था, हल्की बिजली चमक रही थी, बारिश पड़ रही थी और पूरी तरह अंधेरा था। सिर्फ वहां अब मेंढ़कों की ही आवाज आ रही थी। अंधेरा इतना गहरा था कि साठे की झोपड़ियां भी नजर नहीं आ रहीं थीं। गांव से थोड़ी दूर पर खेत थे, जहां फसल लहलहा रहे थे। वहां जंगली जानवरों की आवाज ही आती थीं। इसके अलावा, कोई दूसरी आवाज आती, तो रोंगटे खड़े हो जाते थे। उस अंधेरे में आग की लपटें ही सहारा होती थी। उस लहलहाते खेत की रखवाली करने का जिम्मा हर रात को किसी-न-किसी का होता था। अब किसानों का गांव था, तो खेती-बाड़ी की चिंता तो करना तो बनता था। इस रात खेती की देखरेख करने का जिम्मा गोपाल का ही था।

चारों तरफ काली अंधेरी रात थी। वो खेतों के आसपास ही था, लेकिन नींद बहुत तेज आ रही थी। वो किसी तरह से अपनी नींद को भगाने की कोशिश कर रहा था। इसी कोशिश में कुछ देर बाद गोपाल हल्की आवाज में गाने लगा। तभी गोपाल को पांव की आहटें सुनाई दीं। कान लगाकर गोपाल इन आहटों को सुनने लगा और अब उसकी नींद भी गायब हो गई थी।

वो डंडा हाथ में लेकर इधर-उधर देख रहा था। तभी उसके सिर पर किसी ने जोर से लाठी मार दी। वो नीचे गिरा और रातभर वहीं बेहोश पड़ा रहा। बेहोशी की हालत में भी उसपर कई बार वार किए गए। उस पर वार करने वालों को लगा कि वो मर गया है, लेकिन ऐसा नहीं था। हमला करने वाले पाठे के लोग थे, जिन्होंने अंधेरे में अपनी हार का इस तरह से बदला लिया था।

गोपल न तो पढ़ा-लिखा था और न ही तेज दिमाग वाला। बस उसका शरीर छह फुट का था और आवाज काफी भारी। मन से ऐसा निडर कि शेर की दहाड़ से भी न डरे। आज वो चोट खाए हुए अपने घर के बिस्तर में लेटा हुआ था।

रात को हुई इस तरह की वारदात की वजह से गांव में पुलिस पहुंच गई। गांव में पुलिस को देखकर कुछ लोग डर गए, तो कुछ रोने-धोने लगे। गोपाल ने अपने साथ जो भी हुआ उसकी रिपोर्ट भी नहीं लिखाई थी।

दरोगा ऐसा था कि बिना गाली के उसके मुंह से एक बात भी नहीं निकलती थी। वो मुखिया से सवाल जवाब करने लगा।

मुखिया ने दरोगा से कहा, "मुझे माफी दे दीजिए।"

दरोगा ने पूछा कि अगर मुझे इसी तरह से तुम्हें माफ करना होता, तो मैं यहां क्यों आता?

मुखिया चुपचाप गोपाल की पत्नी गौरा के पास पहुंचा। उसने कहा कि यह पुलिस वाला काफी बेकार है। पैसों के बिना बात ही नहीं करता था। उसे पचास रुपये चाहिए। मैंने उसे बहुत मनाने की कोशिश की, लेकिन वो किसी की एक नहीं सुनता।

गौरा ने मुखिया से कहा कि पैसे की क्या बात है। बस हमारे पति की जान बच जाए। जान से बढ़कर और कुछ नहीं होता। आज के लिए ही तो कमाया था ।

गोपाल इन सभी बातों को खाट पर लेटे-लेटे सुन रहा था। उसने कहा कि जब किसी ने कोई गलती ही नहीं की, तो पचास रुपये क्यों देना। उसे एक पैसा भी नहीं दिया जाना चाहिए।

ये बात सुनकर मुखिया का चेहरा पीला पड़ गया। वो बोले, "धीरे कहो इन बातों को। अगर दरोगा ने सुन लिया, तो परेशानी बढ़ जाएगी।"

गोपाल ने जवाब दिया, "एक कौड़ी उसे नहीं दी जाएगी। देखता हूं कि मेरी बातें सुनकर कौन मुझे फांसी पर चढ़ाता है।"

तभी गौरा ने मजाक में कहा कि ठीक है, आपसे मैं पैसे मांगू तो बिल्कुल भी मत देना। इतना कहने के बाद गौरा अंदर गई और एक पोटली में पैसे लेकर आई। फिर मुखिया को पैसा दे दिया। यह सब देखकर गोपाल को बहुत गुस्सा आया और मुखिया पैसे लेकर तुरंत भाग गया।

मुखिया पैसे लेकर बाहर आया। दरोगा भी वहीं मौजूद था, उसने गोपाल की बातें सुन ली थी। उसके मन में हो रहा था कि गोपाल पैसे दे दे। अब पचास रुपये बाहर आते-आते 25 हो गए थे। मुखिया ने 25 रुपये दरोगा को दिए और चला गया। मुखिया ने गोपाल को शुक्रिया कहा। पूरे गांव वालों के सामने मुसबित टालने का सेहरा मुखिया ने अपने सिर पर लिया और उसकी प्रतिष्ठा बढ़ गई। उधर गोपाल ने गौरा पर गुस्सा किया।


अब गांव में सत्यनारायण की कथा हुई। देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना होने लगी। आखिर गांव से मुसीबत जो टल गई थी।

सभी लोग मिलकर सत्यनारायण की कथा सुनने लगे। गोपाल भी चादर ओढ़कर कथा सुनने लगा। वहां गांव के कई प्रतिष्ठित लोग भी मौजूद थे। पटवारी ने गोपाल से कहा कि सत्यानारायण की वजह से ही तुम पर किस तरह की आंच नहीं आई। गोपाल ने अंगडाई लेते हुए कहा कि सत्यनारायण की महिमा का तो नहीं पता, लेकिन यह अंधेर जरूर है।

### कहानी से सीख

मुसीबत पड़ने पर दिमाग से काम लेना चाहिए, यूं ही किसी पर भी भरोसा नहीं करना चाहिए।

## रंग भरो



New Delhi

# आज देशभर में ओला-उबर-रैपिडो की हड़ताल, लोगों की बढ़ेगी मुसीबत

**नई दिल्ली, (एजेंसी) ओला, उबर और रैपिडो कंपनियों के ड्राइवर देशभर में शनिवार को हड़ताल पर रहेंगे। ड्राइवरों ने इसे ऑल इंडिया ब्रेकडाउन का नाम दिया है और वे अपना मोबाइल एप बंद रखेंगे। इसके चलते लोगों को कैब, ऑटो या बाइक टैक्सी मिलने में दिक्कत हो सकती है।**



इस हड़ताल का आह्वान तेलंगाना गिग वर्कर्स यूनियन और दूसरे संगठनों ने मिलकर किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एलान किया कि 7 फरवरी को पूरे देश में ड्राइवर काम बंद रखेंगे। उनका कहना है कि न तो उनका कोई किराया तय है और न ही कोई नियम, बस उनका शोषण हो रहा है।

**केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखी चिट्ठी-** यूनियन ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को चिट्ठी लिखकर अपनी शिकायतें बताई हैं। ड्राइवरों का कहना है कि सरकार की तरफ से कोई किराया तय नहीं है, इसलिए कंपनियां अपनी मर्जी से पैसे काटती हैं। इस वजह से ड्राइवरों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है और उनकी कमाई का कोई भरोसा नहीं रह गया है।

**यूनियन ने की सरकार से क्या मांग?**

यूनियन ने सरकार से मांग की है कि ऑटो, टैक्सी और बाइक टैक्सी के लिए तुरंत एक न्यूनतम किराया तय किया जाए और यह फैसला ड्राइवरों के साथ बातचीत के बाद ही लिया जाना चाहिए।

उन्होंने निजी (सफेद नंबर प्लेट) गाड़ियों के कमर्शियल इस्तेमाल पर पूरी तरह रोक लगाने या उन्हें कमर्शियल श्रेणी में बदलने की बात कही है।

इसके अलावा, यूनियन चाहती है कि सरकार इन कंपनियों पर कड़ी नजर रखे ताकि उनकी मनमानी पर लगाम लग सके और ड्राइवरों का शोषण बंद हो।

Bihar

# पटना में पप्पू यादव गिरफ्तार 31 साल पुराना केस

- आधी रात में घर से ले गई पुलिस, समर्थकों का हंगामा; सांसद बोले- मेरी हत्या की साजिश



**पटना।** बिहार की पटना पुलिस ने शुक्रवार देर रात 12 बजे पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव को उनके आवास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 31 साल पुराने मामले में सांसद के खिलाफ एक्शन लिया है। उनपर किराए के घर पर कब्जा करने का आरोप है।

पुलिस की टीम शुक्रवार देर शाम पप्पू यादव के पटना के मंदिरी स्थित आवास पर गिरफ्तार करने पहुंची थी। इस दौरान करीब 3 घंटे तक हाई-वोल्टेज ड्रामा चला। पहले तो पप्पू यादव ने पुलिस के साथ जाने से मना कर दिया। उन्होंने कहा- बिहार पुलिस मेरी हत्या की साजिश रच रही है। मैं सीधे कोर्ट जाऊंगा। पुलिस स्टेशन नहीं जाऊंगा।

सांसद के आवास पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी जुट गए। हालात को काबू में रखने के लिए और 50 पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। पप्पू यादव के लिए दवाइयां भी मंगवाई गईं। इसके बाद पुलिस पप्पू यादव को अपने साथ ले जाने लगी।

Uttarakhand

## बैतड़ी में पलक झपकते ही मौत की नींद सो गईं 13 जिंदगियां

**झूलाघाट (पिथौरागढ़), (एजेंसी)** भारतीय सीमा से लगे नेपाल के बैतड़ी में बरात की बस खाई में गिर गई। हादसे में 13 बरातियों की मौत हो गई जबकि 34 घायल हो गए। घायलों में कुछ की हालत नाजुक बनी है। इस दुर्घटना से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। बस में क्षमता से अधिक बराती बैठाना दुर्घटना का कारण बताया जा रहा है। जिला प्रहरी कार्यालय बैतड़ी के प्रहरी प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि चालक ने क्षमता से अधिक यात्री बस में बैठा लिए। ओवरलोड बस चढ़ाई पर नहीं चढ़ सकी और अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस दर्दनाक हादसे ने शादी की खुशियों में ग्रहण लगा दिया। शादी वाले घर और गांव में अब मातम पसर गया है और घरों से चीख-पुकार सुनाई दे रही है। बता दें कि जिला प्रहरी कार्यालय बैतड़ी के प्रहरी प्रवक्ता निरीक्षक बलदेव बडू ने बताया कि बृहस्पतिवार रात बैतड़ी के पुरचुंणी नगरपालिका-7, भवने गांव से दुल्हन लेकर बजांग के सुनकुड़ा जा रही बरात की बस पुरचुंणी के बड़गांव मोड़ पर अनियंत्रित होकर 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि छह बरातियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया जबकि पांच की डडेलधुरा और दो की कोटिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई।

Uttarpradesh

# कंटेनर ने 15 लोगों को कुचला, हादसे में छह की मौत, कई घायल

**आगरा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य घायल हो गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मथुरा जिले के सुरीर कोतवाली इलाके में यमुना एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह बस में सवार युवकों ने लघुशंका के लिए बस रुकवाई और उतरकर सड़क किनारे लघुशंका कर रहे थे, इसी दौरान युवकों को तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी।

शनिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे नोएडा से आगरा की ओर जा रही बस में सवार यात्रियों को



लघुशंका लगी तो बस को सुरीर कोतवाली क्षेत्र में माइल स्टोन 88 के मध्य चालक ने रोक लिया।

बस रुकने के बाद जैसे ही लघुशंका करने के लिए यात्री उतरे, तभी नोएडा की ओर से तेज रफ्तार आ रहे कंटेनर ने यात्रियों को रौंद दिया। जिससे छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई।

खेल

# रिकॉर्ड स्कोर के बाद रनों से सबसे बड़ी जीत, भारत ने छठी बार जीता अंडर-19 विश्वकप का खिताब

**हरारे, (एजेंसी)** भारत ने अंडर-19 विश्वकप का खिताब जीत लिया है। फाइनल में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को 100 रन से हराया। यह टीम इंडिया का रिकॉर्ड छठा खिताब है। इससे पहले भारत ने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में अंडर-19 विश्व कप खिताब पर कब्जा जमाया था। भारत ने इंग्लैंड के सामने 412 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लिश टीम 40.2 ओवर में 311 रन रन पर सिमट गई। टीम इंडिया के लिए वैभव सूर्यवंशी फाइनल के सुपरस्टार रहे। उन्होंने 80 गेंद में 175 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वहीं, इंग्लैंड की ओर से कैलब फाल्कनर ने शतक जड़ा, लेकिन टीम को नहीं जिता पाए। फाल्कनर ने 67 गेंद पर 115 रन की पारी खेली।





100 रन से जीत अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम था। उन्होंने 2024 में भारत को 79 रन से हराया था।

वहीं, 411 रन का स्कोर अंडर-19 विश्व कप और अंडर-19 विश्व कप फाइनल का सबसे बड़ा स्कोर रहा। अंडर-19 विश्व कप में सबसे बड़े स्कोर के मामले में भारत ने इंग्लैंड का ही रिकॉर्ड तोड़ा। इंग्लैंड ने इसी विश्व कप में स्कॉटलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 404 रन बनाए थे। भारत अंडर-19 विश्व कप के प्लेऑफ मुकाबले में 350 से ज्यादा रन बनाने वाली पहली टीम बन गई। इससे पहले भी यह रिकॉर्ड भारत के ही नाम था। 2016 क्वार्टरफाइनल में नामीबिया के खिलाफ 349/6 रन बनाए थे, जब ऋषभ पंत ने 96 गेंदों में 111 रन की धमाकेदार पारी खेली थी।

अंडर-19 विश्व कप फाइनल में इससे पहले सबसे बड़ा स्कोर ऑस्ट्रेलिया का 253/7 था, जो उसने 2024 में भारत के खिलाफ बनाया था। भारत ने इस बार उस रिकॉर्ड को भी काफी पीछे छोड़ दिया।

यह भारत का अंडर-19 विश्व कप में तीसरा 400+ स्कोर है। दिलचस्प बात यह है कि दुनिया की किसी और टीम ने इस टूर्नामेंट में एक से ज्यादा बार 400 रन का आंकड़ा नहीं छुआ।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही थी। 20 पर पहला झटका लगा था। एरॉन जॉर्ज नौ रन बनाकर आउट हुए थे। हालांकि, इसके बाद वैभव सूर्यवंशी और कप्तान आयुष म्हात्रे ने इंग्लिश गेंदबाजों की बखिया उधेड़ कर रख दी। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद में 142 रन की साझेदारी निभाई।

म्हात्रे 51 गेंद में सात चौके और दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाकर आउट हुए। वैभव ने 32 गेंद में अर्धशतक और 55 गेंद में शतक पूरा किया। फिर 71 गेंद में 150 रन बनाए। वह 80 गेंद में 15 चौके और 15 छक्कों की मदद से 175 रन बनाए। वैभव ने तीसरे विकेट के लिए वेदांत त्रिवेदी के साथ 39 गेंद में 89 रन की साझेदारी निभाई।

सिनेमा

## 'तो पंडित को पुजारी कर दो...' 'घूसखोर पंडत' विवाद में में कूदे अनूप जलोटा, मेकर्स को दे डाली ऐसी सलाह



बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी फिल्म 'घूसखोर पंडत' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। बीते दिनों मनोज की फिल्म 'घूसखोर पंडत' के टाइटल को लेकर काफी विवाद छिड़ा हुआ है। भाजपा ने ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को फिल्म 'घुसखोर पंडत' का टीजर और बाकी प्रमोशनल कंटेंट को सोशल मीडिया से हटाने के लिए कहा है। इन सब विवादों के बीच भजन और गजल सिंगर अनूप जलोटा भी कूद पड़े हैं। उन्होंने फिल्म के टाइटल को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। आइए जानते हैं उन्होंने कहा? दरअसल, अनूप जलोटा ने मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडत' के टाइटल पर न सिर्फ आपत्ति जताई है, बल्कि मेकर्स को नया नाम सुझा दिया है। अनूप जलोटा ने कहा, 'विवाद है फिल्म 'घूसखोर पंडत' के टाइटल पर, तो इस पर विवाद होना ही है। पंडितों को अच्छा नहीं लगेगा सुनके। मेरा ख्याल से इसमें अगर छोटा सा एक चेंज हो जाए, तो सही रहेगा क्योंकि पंडित तो धर्म है, जाति है। किसी जाति को कैसे कह सकते हैं कि घूसखोर है? इसमें छोटा सा एक चेंज आ जाए कि 'घूसखोर पुजारी' कर दो टाइटल। अब अगर 'घूसखोर पुजारी' हो गया, तो पुजारी तो कोई भी हो सकता है। पुजारी मैं भी हो सकता हूं, हमारा ड्राइवर भी पूजा कर रहा है तो वो पुजारी हो सकता है। आप या कोई और।' उन्होंने आगे कहा कि पुजारी कोई एक समुदाय नहीं है, बल्कि जो भी पूजा करता है वही पुजारी कहलाता है।

## Highlights

1. India-US unveil framework for interim trade deal, reveal key terms
2. UP man dumps 3 wives in 6 years over dowry harassment; booked
3. Epstein offered 'tall, Swedish, blonde woman' to Anil Ambani, he replied 'Arrange that'
4. Police can't arrest accused to 'simply ask questions': SC
5. Still open to working with india: Iran as India cuts Chabahar port budget to zero

# RBI set to allow banks to lend directly to REITs in real-estate boost



**NEW DEIHI, (Agency).** The Reserve Bank of India plans to allow banks to lend directly to the real estate investment trusts, or REITs, to unlock fresh funding for the real estate sector.

There will be "certain prudential safeguards" for such transactions, RBI Governor Sanjay Malhotra said while presenting the RBI's monetary policy on Friday.

REITs, which own and operate office parks, malls and warehouses, have attracted attention of institutional investors that want to get into India's real estate sector.

RBI's move will make it easier for REITs to raise capital, while lowering expenses, and speeding up asset expansion in the office and retail segments, said Anuj Puri, chairman of property consultancy Anarock Group, adding that this would improve the sector's appeal to investors.

Still, analysts say lending to REITs is risky as cash flows in real estate sector are very sensitive to occupancy, rental cycles and interest rates. Boom-bust cycles in real estate have put pressure on assets of banks in the past.

# Setback for Maruti Suzuki as India drops small car concessions in CAFE-III norms

**NEW DEIHI, (Agency).** India has scrapped a planned concession for small cars in upcoming fuel-efficiency rules after automakers including Tata Motors Ltd. and Mahindra & Mahindra Ltd. argued it would benefit only one company—Maruti Suzuki India Ltd., a government document shows.

A September 2025 draft of the Corporate Average Fuel Efficiency-III, or CAFE-III, norms had proposed leniency for petrol cars weighing 909 kg or less—a carve-out widely seen as favouring Maruti Suzuki, which controls 95% of India's small-car market. India's power ministry has now removed that



exemption and tightened other parameters, increasing pressure on all automakers to ramp up electric and hybrid car sales, according to the latest 41-page draft reviewed by Reuters.

The new CAFE-III norms curb over-compensation for vehicle weight, aim to level the field between light and heavy fleet manufacturers, and are designed to deliver real-world efficiency gains, the document states. They introduce "a substantially steeper reduction pathway" for emissions. The power ministry did not respond to a request for comment. Transport accounts for about 12% of India's energy use and is a major driver of petroleum imports and carbon emissions. Passenger vehicles make up nearly 90% of transport-related emissions, the document says.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक